भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये **Rs. 100**

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

NOTARIAL NOTARIAL





उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

GH 608177

**समक्ष:- सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

द्वारा:- हम **घनश्याम मिश्र (मुख्य न्यासी)एवं चंचल कुमार मिश्र (न्यासी)**क्रमशः मुख्य न्यासी एवं न्यासी **श्री घनश्याम मिश्र चैरिटेबल ट्रस्ट, जय बजरंग प्रेस, कमालपुर, मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर** शपथपूर्वक निम्नवत् बयान करते हैं -

1 - यह कि हमारी ट्रस्ट द्वारा " **जय बजरंग फार्मेसी इंस्टीट्यूट**" , मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर नामक डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थान की स्थापना सत्र 2023- 24 से किया जाना प्रस्तावित है।

2 - यह कि हमारे ट्रस्ट के नाम लीज पर कस्बा मुंगराबादशाहपुर में गाटा संख्या 311/1,311/4,311/5,351 एवं 352 रकबा क्रमशः 162,49,154,146,एवं 16 हेक्टेयर कुल रकबा 316 हेक्टेयर यानि 3160 वर्गमीटर भूमि है।

3 - यह कि उपरोक्त भूमि पर किसी प्रकार का कोई भी वाद किसी भी न्यायालय में नहीं चल रहा है, और भूमि विवाद रहित है।

4 - यह कि उपरोक्त पते पर ट्रस्ट के नाम लीज पर उपलब्ध भूमि के गाटा संख्या 311/1,311/4,311/5,351,एवं 352 रकबा क्रमशः 154 ,162,49,146 एवं 16 हेक्टेयर कुल रकबा 316 हेक्टेयर पर उपरोक्त नाम की डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थान की स्थापना किये जाने का प्रस्ताव ट्रस्ट की बैठक दिनांक- 30/06/2022 द्वारा पारित किया गया है।

श्री घनश्याम मिश्र चैरिटेबल ट्रस्ट

मुख्य न्यासी

1695 30/06/23

[illegible]

SENIOR
TREASURY OFFICER
19 JUN 2023
JAUNPUR

5. यह कि, उपरोक्त भूमि पर ही प्रश्नगत डिप्लोमा फार्मेसी संस्थान के संचालन हेतु भवनों का निर्माण अनुमोदित नक्शे के अनुसार किया गया है।

6. यह कि, निरीक्षण समिति के समक्ष उपरोक्त पते पर सोसाइटी/ट्रस्ट के नाम भूमि एवं उस पर निर्मित एवं निर्धारित भवनों को ही निरीक्षण समिति के समक्ष निरीक्षण हेतु प्रस्तुत किया गया है।

7. यह कि, इस भूमि एवं इस पर निर्मित भवनों पर फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली के नियमों के अंतर्गत ही डिप्लोमा फार्मेसी संस्थान का ही संचालन किया जायेगा।

8. यह कि, इस संस्था में फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद से सम्बद्ध पाठ्यक्रम एवं प्रवेश क्षमता के अनुसार ही पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

9. यह कि, उपरोक्त भूमि व इस पर निर्मित भवनों में फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली से अनुमोदित एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ से सम्बद्ध संस्था एवं पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त किसी अन्य परिषद/विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित/सम्बद्ध कोई अन्य संस्थान/विद्यालय/महाविद्यालय/आई0टी0आई0 आदि का संचालन न तो पूर्व में कभी किया गया है, और न ही भविष्य में कभी किया जायेगा।

10. यह कि, संस्थान के संचालन हेतु आवश्यक क्लास रूम, प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं आदि को फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद के मानकों के अनुसार ही सुसज्जित किया जायेगा।

11. यह कि, संस्था के संचालन हेतु आवश्यक शैक्षिक एवं अशैक्षिक स्टाफ की तैनाती सोसाइटी/ट्रस्ट द्वारा सत्र प्रारंभ के पूर्व कर लिया जायेगा।

12. यह कि, शासन/परिषद द्वारा निर्गत निर्देशों/आदेशों का भलीभांति पालन करूँगा। यदि मेरे संस्थान में किसी भी समय स्थलीय निरीक्षण में मानकानुसार कोई भी कमी पायी जाती है तो परिषद की निरीक्षण एवं सम्बद्धता समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा एवं मुझे मान्य होगा। इस हेतु मेरे द्वारा कोई विधिक कार्यवाही नहीं की जाएगी।

13. मैं घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गयी उपरोक्त सूचना मेरी निजी जानकारी में पूर्ण रूप से सत्य है। यदि दी गयी जानकारी एवं अभिलेख/दस्तावेज फर्जी, कूटरचित अथवा त्रुटिपूर्ण पाये जाते हैं तो मेरे विरूद्ध परिषद द्वारा नियमानुसार कानून संगत कार्यवाही की जा सकेगी। ऐसी की गयी विधिक कार्यवाही हेतु मैं स्वयं उत्तरदायी होऊँगा।

ह0 सचिव

ह0 अध्यक्ष